काइयोटी क्या है?

काइयोटी, छोटे जंगली केनाइन्स हैं, जिनका वजन आमतौर पर 30 से 40 पाउंड होता है। उनके फर का रंग अलग-अलग होता है, सुनहरी से लेकर लाल और भूरा।

ये अनुकूल जानवर रूरल एरियाज में फलते-फूलते हैं, जिनमें शामिल हैं, गहरी घाटियां, घाटी की जमीनें और बड़े शहरों में जंगली क्षेत्र, जैसे ब्रैम्पटन। वे हिम्बरनेट नहीं होते, इसलिए वो पूरा साल दिखाई दे सकते हैं।

काइयोटीस आमतौर पर शर्मीले होते हैं और हमला नहीं करते लेकिन वे उत्सुक हो सकते हैं।

हमारी कम्युनिटी में काइयोटीस

काइयोटीस विभिन्न ईकोसिस्टम के महत्वपूर्ण मेम्बर हैं और ये जरूरी तथा स्वस्थ शिकार-शिकारी संतुलन में योगदान देते हैं। जब इनको अकेला जाए, तो हमें इनकी गतिविधियों से जबरदस्त लाभ होता है, हालांकि, जब हम इनको जानबूझकर खिलाते हैं या अनजाने में हमारे शहर में मुफ्त भोजन के मौके पैदा करते हैं तो मनुष्य-काइयोटीस टकराव पैदा हो सकता है। काइयोटीस व्यवहार में मौकापरस्त होते हैं और अपने भोजन के पीछे भागने की बजाय उन स्रोतों से भोजन ले लेते हैं, जो आसानी से उपलब्ध होते हैं।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज
475 Chrysler Drive
905.458.5800

brampton.ca/animalservices

काइयोटीस की मौजूदगी वाले क्षेत्र में रहने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया इन्हें संपर्क करें:

Ministry of Natural Resources and Forestry
1.800.667.1940
ontario.ca/mnrf

Coyote Watch Canada
905.931.2610
coyotewatchcanada.com

BRAMPTON

Hindi

पतझड़ और सर्दियों में काइयोटीस की मौजूदगी वाले क्षेत्र में रहना

BRAMPTON

Hindi

सर्दी मेल करने का सीजन है

आपको क्या जानने की जरूरत है
ईस्टर्न काइयोटी (Eastern Coyote) ब्रैम्पटन सहित, उत्तरी अमेरिका (North America) के शहरी क्षेत्रों में आम हैं। सर्दी के महीनों के दौरान, काइयोटीस अधिक दिखाई दे सकते हैं क्योंकि वे भोजन, शेल्टर की तलाश करते हैं और साथी ढूंढते हैं। आपके अधिक बार तीखी आवाज और चीखना सुनाई दे सकता है क्योंकि वे बातचीत करते हैं।

अवर्शन कंडीशनिंग
अवर्शन कंडीशनिंग (डराकर भगाना), मनुष्यों का डर बिठाने के लिए प्रयोग की जाने वाली विधि है और काइयोटीस को यह बताने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है कि उनका स्वागत नहीं किया जाएगा। इसके कुछ उदाहरणों में शामिल हो सकते हैं, ऊंची-ऊंची शोर करना या लाइटें फ्लैश करना।

काइयोटीस को आपकी प्रॉपर्टी से दूर रखना
काइयोटीस को लोगों के लिए बड़ा जोखिम नहीं माना जाता, लेकिन आपकी प्रॉपर्टी पर या सैर के दौरान ये दिखाई दें तो आप डर सकते हैं।
यहां कुछ उपाय दिए गए हैं, जो हम काइयोटीस को हमारे बैकयार्डों और आस-पडोस से दूर रखने के लिए कर सकते हैं।

अपनी प्रॉपर्टी से भोजन के सभी स्रोत हटा दें, जैसे गार्डन में खराब हुई सब्जियां, पक्षियों का चुग्गा, गंदे बारबेक्यू, पालतू जानवरों का भोजन आदि।
- बाड़ों में और डेक या शेड्स के नीचे किसी भी सुराखों को भर दें।
- पालतू जानवरों को कभी भी बाहर अकेला न छोड़ें।
- काइयोटीस की मौजूदगी को रोकने के लिए अपनी प्रॉपर्टी पर डरा के भगाने का अभ्यास करें।

यदि काइयोटी आपका पीछा करे या आपके पास आ आए तो क्या करना चाहिए:

- **रुकें।** यदि जरूरत हो तो बच्चों और पालतू जानवरों को उठा लें।
- **वहीं खड़े रहें।** कभी भी काइयोटी से दूर न भागें।
- **खुद को बड़ा दिखाएं।** गुस्से में दिखें,, सीधे खड़े रहें,, अपनी बाहों को हवा में ऊंचा हिलाएं। हैरान करने वाले,, अचंभे में डालने वाले और स्वाभाविक इशारे बढ़िया काम करते हैं।
- **ऊंची बोलें और दृढ़ रहें।** चीखें, अपने पैरों को ज़ोर-ज़ोर से जमीन पर मारें या अपने हाथों से ताली बजाएं। कोई शोर करने वाला उपकरण साथ में रखें, (जैसे सीटी, चटाके की आवाज करने के लिए प्लास्टिक बैग या छाता)।
- **लड़ें।** डराने और रोकने के लिए काइयोटी की साधारण दिशा की तरफ कुछ डंडे या पत्थर फेंकें। इन्हें सीधे काइयोटी की तरफ न फेंकें।
- **धीरे-धीरे पीछे हटें।** आंखों का संपर्क बनाकर रखें और याद रखें, कभी भी भागें न।

इसे पारिवारिक मेम्बर्स के साथ साझा करें, ताकि वे भी जान पाएं कि काइयोटी के लिए सुरक्षित रूप से प्रतिक्रिया कैसे करनी है।

यदि काइयोटी, पब्लिक सुरक्षा के लिए तात्कालिक खतरा हो, तो 911 पर फोन करें।



अकसर पूछे जाने वाले सवाल

सिटी काइयोटीस को किसी और जगह क्यों नहीं भेजती?
काइयोटीस को किसी और जगह भेजना या मारना विकल्प नहीं है,, इन्हें पकड़ना बेहद मुश्किल है और यह अस्थायी उपाय है। यदि किसी काइयोटीस को हटाया जाता है, तो इसके परिणामस्वरूप दूसरे काइयोटीस उस क्षेत्र में आ जाएंगे। ओनटैरियो के फिश एंड वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशन एक्ट (Fish and Wildlife Conservation Act) के अंतर्गत, काइयोटीस को पकड़ने और एक किलोमीटर से अधिक दूर तक छोड़ने की अनुमति नहीं है।

मुझे काइयोटीस की तीखी आवाज या चीखना क्यों सुनाई देता है?
काइयोटीस बातचीत करने के साधन के तौर पर एक-दूसरे को बुलाते हैं। वे इलाके का बचाव करने, परिवार को ढूंढने, जशन मनाने, एक-दूसरे को खतरे से सावधान करने और एक-दूसरे से मिलने के लिए तीखी आवाज निकालते, चीखते और भौंकते हैं। यह मेल करने के सीजन के दौरान बढ़ सकता है, जब वे पार्टनर ढूंढ रहे होते हैं। यदि आप काइयोटीस को ऐसे बातचीत करते हुए सुनें, तो अपनी दूरी बनाकर रखें और उनकी जगह का सम्मान करें।

कुत्ते और काइयोटीस
कुत्तों और काइयोटीस के बीच अधिकतर स्थितियां तब पैदा होती हैं, जब कुत्ते जंजीर से बंधे नहीं होते या ऐसा दिखाई देता है। यार्ड में जाने के समय अपने कुत्ते की निगरानी करें और सैर करने के दौरान उन्हें छोटी जंजीर से बांधकर रखें। यदि आपको पता हो कि आपके क्षेत्र में काइयोटी को देखा गया है, तो अस्थायी तौर पर अपनी सैर का शेड्यूल या रास्ता बदलने के बारे में सोचें।

यदि मैं काइयोटीस को भोजन खिलाऊं तो क्या होगा?
कभी भी काइयोटी को भोजन न खिलाएं या उसके लिए भोजन बाहर न छोड़ें। क्योंकि ये बहुत होशियार जानवर हैं, इसलिए वे पहचान लेंगे कि मनुष्य उन्हें भोजन खिला रहे हैं। इसका नतीजा केवल यह होगा कि वे उस क्षेत्र में वापस आएंगे, संभव तौर पर मनुष्यों के प्रति अलग व्यवहार दर्शाएंगे।

मैं और क्या कर सकता हूं?
- काइयोटी दिखे तो सिटी और निवासियों को ऑनलाइन **brampton.ca/coyotes** पर बताएं कि कौन-से क्षेत्रों में काइयोटीस बार-बार आ रहे हैं।
- बाहर छोड़े गए भोजन या बढ़ी हुई घास वाली प्रॉपर्टीज के बारे में सेवा निवेदन जमा करने के लिए, 311 पर संपर्क करें।
- यदि आपका सामना ऐसे काइयोटी से हो, जो आपको बीमार या जख्मी लगे तो 311 पर संपर्क करें।
- जानकारी लेते रहें और काइयोटी के प्रति जागरूक बनें!